बैठक 17 को

उदयपुर। जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डी.एल.आर.सी) की जून 2026 तिमाही की बैठक सोमवार,17 अगस्त को प्रात: 10:45 बजे जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में जिले में संचालित बैंकों की सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न ऋण योजनाओं के लंबित प्रकरणों एवं प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

उदयपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ परिवादी से दो प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर कार्रवाई करने का डर दिखाकर बंधी के रूप में 20-20 हजार रूपए रिश्वत मांगी थी

उदयपुर, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की उदयपुर इकाई ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए सलूम्बर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह ने परिवादी से उसके दो प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर कार्रवाई करने का डर दिखाकर साल में दो बार बंधी के रूप में कुल 20-20 हजार रूपए रिश्वत मांगी थी।

एसीबी के अनुसार,परिवादी ने 10 जुलाई को उदयपुर एसीबी कार्यालय में शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सलूंबर में ग्राम डगार स्थित उसकी पुश्तैनी किराणा दुकान और सलूम्बर की गौण कृषि उपज मंडी स्थित कोका-कोला कोल्ड ड्रिंक एजेंसी पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण एवं सैंपल लेने के नाम पर दबाव बनाया जा रहा था। परिवादी ने आरोप लगाया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी जुर्माना लगाने, प्रकरण दर्ज करने और जेल भिजवाने की धमकी देकर दोनों प्रतिष्ठानों के लिए साल में दो बार कुल 20-20 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। एसीबी के मुताबिक 9 जून को आरोपी घनश्याम सिंह अपनी टीम के साथ परिवादी की ग्राम डगार स्थित किराणा दुकान पर पहुंचा था। निरीक्षण के दौरान घी, मिल्क फूड के चार पैकेट सैंपल के रूप में लिए गए और नोटिस भी जारी किया गया। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर दुकान और एजेंसी को शांतिपूर्वक संचालित करने के लिए दोनों स्थानों के लिए साल में दो बार रुपये देने की मांग की। रिश्वत नहीं देने पर प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की धमकी देने का भी आरोप है।

आईआईआरएफ 2026 रैंकिंग में पैसिफिक डेंटल कॉलेज को ऑल इंडिया में 62वां और राजस्थान में प्रथम स्थान

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,देबारी,उदयपुर ने दंत चिकित्सा शिक्षा एवं शैक्षिणक क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क डेंटल कॉलेज रैंकिंग 2026 में पैसिफिक डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को ऑल इंडिया स्तर पर 62वां स्थान, नॉर्थ जोन में13वां स्थान तथा राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। संस्थान के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि पैसिफिक डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने पिछले वर्ष अपनी स्थापना के 25वर्ष पूर्ण किए हैं। इन 25वर्षों में संस्थान ने दंत चिकित्सा शिक्षा,उच्च स्तरीय क्लिनिकल प्रशिक्षणए वं गुणवत्तापूर्ण शैक्षिणक वातावरण के क्षेत्र में निरंतर प्रगति का है।

इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन आशीष अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ.ए.भागवानदास राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पैसिफिक डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

उन्होंने इस सफलता के लिए संस्थान के सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों, एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास, निरंतर गुणवत्ता सुधार,उत्कृष्ट शैक्षिणक वातावरण तथा संस्थान के प्रत्येक सदस्यकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस उपलब्धि से संस्थान परिवार में हर्ष का माहौल है। कॉलेज प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षकों,गैर-शिक्षण कर्मचारियों तथा वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की।

Name Changed
I Indian Passport Holder X8109345 Have Changed My Name From Hasnain S/o Serferaz Mohammed to Hasnain Mohammed For All Purposes. 46, Mehta Ji Ki Khidki, Near Shitla Mata Mandir, Girwa Udaipur Rajasthan-313001

कार्यालय ग्राम पंचायत भरदा, पंचायत समिति ऋषभदेव, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-98 दिनांक-12/08/2026

-:ई निविदा सूचना - 01/2026-27:-

ग्राम पंचायत भरदा में महा नरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 16.08.2026 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है ।

UBN N01. ZUD2627GLOB01835

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भरदा, पंचायत समिति ऋषभदेव, जिला उदयपुर	ग्राम पंचायत भरदा, पंचायत समिति ऋषभदेव, जिला उदयपुर

क्लिनिक में इलाज के दौरान महिला की मौत

■ महिला की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में बुधवार को इलाज के दौरान एक 26 साल की महिला की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने करीब डेढ़ घंटे तक क्लिनिक के बाहर हंगामा किया। गुस्साए परिजनों ने क्लिनिक के बाहर लगा बोर्ड भी तोड़ दिया हालांकि इससे पहले ही डॉक्टर क्लिनिक बंद करके वहां से भाग गया। घटना बुधवार सुबह नौ बजे बापू बाजार स्थित डॉ. बख्तारवारलाल क्लिनिक की है। मृतका की पहचान श्रद्धा तेली (26) निवासी रामपुरा, अंबाबाड़ी के रूप में हुई है। माहौल गर्माता देख डीएसपी छवि शर्मा और सूरजपोल थानाधिकारी सूर्यभान सिंह भी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से समझाइश की। परिजन क्लिनिक को सीज करने, डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर अड़ गए। करीब डेढ़ घंटे तक चले हंगामे के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद परिजन और समाज के लोग मोर्चरी आ गए। लोगों का कहना था कि मांग पूरी नहीं होने तक वे शव नहीं उठाएंगे।

सेवागडी सरकारी स्कूल में आवारा भैंसा घुसा

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र की मोडी ग्राम पंचायत स्थित सेवागडी गांव के सरकारी स्कूल में मंगलवार को अचानक ची पुकार मच गई। रोज की तरह पढाई में जुटे मासूम बच्चों और शिक्षकों को अंदाजा भी नहीं था कि कुछ ही पलों में स्कूल परिसर एक खौफनाक मंजर में तब्दील होने वाला है। एक विशालकाय और आक्रामक आवारा भैंसा अचानक स्कूल के मुख्य द्वार से सीधे परिसर में दाखिल हो गया और तांडव मचाना शुरू कर दिया।

भैंसे के तेवर इतने आक्रामक थे कि देखते ही देखते पूरे स्कूल में अफ तफरी मच गई। जान बचाने के लिए बच्चों और शिक्षकों में भागदौड मच गई। आनन फानन में अध्यापकों ने समझदारी दिखाते हुए सभी विद्यार्थियों को कक्षाओं के भीतर समेटा और अंदर से कुंडी लगा ली। करीब दो घंटे तक खौफ का यह मंजर जारी रहा। बाहर आक्रामक भैंसा हुंकार भरता रहा और अंदर बंद कमरों में मासूमों और शिक्षकों की सांसें अटकी रहीं।

कार्यालय ग्राम पंचायत ऋषभदेव पंचायत समिति ऋषभदेव, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-209 दिनांक-12.08.2026

-: अल्पकालीन खुली बोली ई- निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत ऋषभदेव पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई निविदा दिनांक 16/08/2026 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN Code:-ZUD2627WSOB01819,20,21,22, 23,24, 25,26

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ऋषभदेव पं. स. ऋषभदेव जिला-उदयपुर	ग्राम पंचायत ऋषभदेव पं. स. ऋषभदेव जिला-उदयपुर

राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ (राज.)

E-mail:-uitchittorgarh@gmail.com Phone:01472-251055

क्रमांक/न.वि.न्या/लेखा/2026-27/1690 दिनांक:-12.08.26

ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 25/2026-27

नगर विकास न्यास चित्तौड़गढ़ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध एवं विभिन्न विभागों में 'ए' एवं 'एए' श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में वेब साईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कुल कार्यो की संख्या 11, जिसके **U.B.N.No. UTC2627WSOB00149** से **UTC2627WSOB00152** एवं **UTC2627WSOB00154** से **UTC2627WSOB00160** है।

ऑन लाईन निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि	12.08.2026 से 17.08.2026
ऑन लाईन रसीद जमा करने की तिथि	17.08.2026 अपरान्ह 12.00 PM
ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि	17.08.2026 0 1.00 PM

अधिशाषी अभियंता
नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़

कार्यालय नगर पालिका वल्लभ नगर उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-न.पा.व./2026-27/172 दिनांक :-11-08-2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका वल्लभ नगर में विभिन्न कार्यो की मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक दिनांक 13-08-2026 को मध्यान्ह 11.00 बजे तक निविदा फॉर्म प्राप्त कर भी दिन मध्यान्ह 2.00 बजे तक मय अमानता आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निविदा उसी दिन सांय 4:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। उक्त निविदा **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर भी देखी जा सकती है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानता राशि	निविदा राशि
1	नगर पालिका क्षेत्र वल्लभनगर में "हर घर 4 बिन हर मोहल्ला स्वच्छ मोहल्ला" कार्यक्रम हेतु 04 अलग-अलग रंगो के डस्टबिन सप्लाई करने का कार्य	4.00	8000/-	200/-

UBN N0: DLB2627GSOB18241

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका वल्लभनगर

आम सूचना

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्यार्थी श्री रामचन्द्र सोमानी पिता श्री राम करण सोमानी, निवासी रामपुरा, नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द का एक आवासीय भुखण्ड का भुखण्ड, जिसका नाप 1125 वर्गफिट, जो राजस्व ग्राम नाथद्वारा रामपुरा यादव बस्ती तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द में स्थित में स्थित है। उक्त भुखण्ड को पूर्व स्वामी श्री राम करण सोमानी पिता कन्हैयालाल सोमानी निवासी नाथद्वारा ने जरिये विक्रय पत्र दिनांक 02.01.1978 को श्री रामचन्द्र पिता टावरमल भाटिया निवासी नाथद्वारा से क्रय किया था जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय नाथद्वारा में दिनांक 02.01.1978 को पुस्तक संख्या 01, दस्तावेज संख्या 225-226 पर पंजीबद्ध किया गया। जो असल विक्रय पत्र कही गुम हो गया था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट डिदनांक 08.02.2026 को ऑन लाईन SO No. 3235104/2026 मेरे कार्यार्थी श्री रामचन्द्र सोमानी द्वारा दर्ज कराई गयी थी।

अत: उक्त गुम हुआ असल विक्रय पत्र संख्या 225-226 दिनांक 02.01.1978 यदि किसी भी व्यक्ति को मिले, तो मुझे अथवा मेरे कार्यार्थी को अविलम्ब लौटा देवे तथा उक्त दस्तावेज का कोई भी व्यक्ति दुरूपयोग नहीं करे।

दिनांक: 13.08.2026

प्रवीण देवपुरा, एडवोकेट
सुन्दर कॉलोनी, कांकरोली
मो.: 9414264115

एल&टी फायनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : एल&टी फायनान्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सिडीज शोरूम के पास, सांताक्रुज (पूर्व), मुंबई 400098
सीआईएन नं. : L67120MH2008PLC181833
शाखा कार्यालय : फतेहनगर, राजस्थान

L&T Finance

सार्वजनिक सूचना

सामान्य रूप से आम जनता और विशेष रूप से ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि एल&टी फायनान्स लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय बृंदावन, प्लॉट नं. 177, सीएसटी रोड, कलिना, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400098 में स्थित है, द्वारा अपने शाखा कार्यालय, एल&टी फायनान्स लिमिटेड, प्लॉट नं. 2-4-10-11, प्रथम तल, वार्ड नं. 11, धूनी चौराहा, तहसील मावली, फतेहनगर, राजस्थान 312022, पर दिनांक 13-09-2026 से परिचालन बंद कर दिया जाएगा। उक्त बंद करने संबंधी कदम व्यवसायिक आवश्यकताओं के कारण उठाया जा रहा है और उक्त शाखा के समस्त परिचालन एल&टी फायनान्स लिमिटेड, गोयल हॉस्पिटल के पास, वियोजना होटल के पीछे, साँवर चौकड़ी, अग्रसेन नगर, फतेहनगर, राजस्थान, 313205 में दिनांक 13-09-2026 से स्थानांतरित कर दिए जाएँगे।

यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त शाखा (शाखाओं) को बंद करने की प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए एल&टी फायनान्स लिमिटेड द्वारा समुचित सावधानी बरती जा रही है। सभी ग्राहकों के खाते उपर्युक्त हस्तांतरिती शाखा में स्थानांतरित कर दिए जाएँगे और ऐसे सभी ग्राहकों को प्रभावी तिथि से उसी शाखा से सेवा प्रदान की जाएगी। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त परिवर्तन का संज्ञान लें। किसी भी प्रकार के अन्य स्पष्टीकरण और/या किसी भी कठिनाई की स्थिति में, ग्राहक बलराम चारपोटा से 8989441553 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 13.08.2026
स्थान : फतेहनगर, राजस्थान

अधोहस्ताक्षरकर्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
एल&टी फायनान्स लिमिटेड हेतु

कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगर, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक: -निविदा/2026-27/171 दिनांक-11.08.2026

अल्पकालीन खुली बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगर , जिला, उदयपुर में स्वीकृत निम्नांकित कार्यो के हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेंदको से खुली निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को नीचे दिये गये विवरण के अनुसार निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगर में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका वल्लभनगर के नाम से निर्धारित दिनांक व समय पर जमा कराना होगा। धरोहर राशि निविदा शुल्क प्राप्त नहीं होने पर उस निविदादाता की ऑफलाईन निविदाऐं खोली नहीं जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्ते संलग्न की जा रही है। जिसकी विस्तृत जानकारी **https://sppp.rajasthan. gov.in** एवं कार्यालय समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि (2 प्रतिशत)	निविदा प्रपत्र शुल्क	निविदा प्रपत्र बेचने / डाउनलोड करने का दिनांक एवं समय	निविदा जमा कराने की दिनांक एवं समय	निविदा खोलने की दिनांक एवं समय
1	नगर पालिका वल्लभनगर क्षेत्र में टीन शेड निर्माण कार्य शमशान में धनगर समाज	2.79	5580	500	13.08.26 प्रात: 11:00 बजे तक	13.08.26 दोपहर 12:00 बजे तक।	13.08.26 दोपहर 2:00 बजे।
2	नगर पालिका वल्लभनगर क्षेत्र में टीन शेड निर्माण कार्य शमशान में सरगरा समाज	2.79	5580	500			
3	नगर पालिका वल्लभनगर क्षेत्र में टीन शेड निर्माण धर्मराज जी खाखल देव जी बावजी उदाखेडा	4.99	9880	500			

UBN NO : DLB2627WSOB18224 ,DLB2627WSOB18227, DLB2627WSOB18230

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका वल्लभनगर